# पीएम आरोह मासिक ओपीडी एवं सिकल सेल डे-केयर वार्ड का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 17 सितंबर. राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 के अंतर्गत सिकल सेल से प्रभावित मरीजों को नियमित, सुलभ और निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय बैतूल में 17 सितंबर को पीएम आरोह मासिक सिकल सेल स्वास्थ्य एवं परामर्श ओपीडी तथा सिकल सेल डे-केयर वार्ड का शुभारंभ किया गया।**

**बैतूल में सिकलसेल मरीज के लिए नई पहल**

**कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके, आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर ने स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, विक्रम वैद्य, विकास मिश्रा, कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े, सिविल सर्जन डॉ जगदीश घोरे, डॉ अरुण जयसिंहपुरे, डॉ रानू वर्मा, नोडल सिकल सेल डॉ अंकिता सीते, सहित अन्य अधिकारी एवं नागरिक मौजूद रहें।



**सिकल सेल एनीमिया की पहचान समय पर आवश्यकः विधायक डॉ. पंडाग्रे :** आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर बीमारी है, जिसकी समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसके प्रभाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि अधिक से अधिक लोग सिकल सेल की जांच के प्रति जागरूक हों और स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय बैतूल में पीएम आरोह मासिक ओपीडी एवं सिकल सेल डे-केयर वार्ड का शुभारंभ मरीजों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा है। इससे सिकल सेल से प्रभावित मरीजों को नियमित स्वास्थ्य जांच, परामर्श और उपचार की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगी।

### उपचार गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास : उइके

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर देशभर में विविध सेवा कार्यों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में 17 सितंबर को बैतूल जिला चिकित्सालय में सिकल सेल से प्रभावित मरीजों के लिए पीएम आरोह मासिक ओपीडी एवं सिकल सेल डे-केयर वार्ड का शुभारंभ किया गया है। केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि पहले सिकल सेल बीमारी की जांच और उपचार की व्यवस्था मुख्य रूप से जिला स्तर तक सीमित थी। अब शासन द्वारा ब्लॉक स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक सिकल सेल के प्रति जागरूकता, जांच और स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि कोई भी जांच एवं उपचार से वंचित न रहे।

### सीएचसी स्तर तक पहुंचेगी सिकल सेल की नियमित देखभाल

इस पहल की विशेषता यह है कि पीएम आरोह को केवल जिला चिकित्सालय तक सीमित न रखते हुए सीएचसी स्तर तक नियमित स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले सिकल सेल मरीजों को अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान पर नियमित परामर्श एवं फॉलो-अप की सुविधा प्राप्त करने में मदद मिलेगी। जिले में सिकल सेल मरीजों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को स्क्रीनिंग से लेकर निदान, उपचार, नियमित मॉनिटरिंग और फॉलो-अप तक एक निरंतर स्वास्थ्य सेवा श्रृंखला के रूप में विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी सिकल सेल मरीजों एवं उनके परिजनों से अपील की कि वे हर माह की 17 तारीख को अपने नजदीकी जिला चिकित्सालय अथवा सीएचसी में पीएम आरोह ओपीडी में पहुंचें और उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें। मरीज अपने पूर्व जांच एवं उपचार संबंधी दस्तावेज भी साथ लेकर आएं, जिससे चिकित्सकीय टीम को नियमित फॉलो-अप में सुविधा हो।

## एक नजर में

### घोड़ाडोंगरी की कार्यकारिणी बैठक आज

**घोड़ाडोंगरी।** युवा कांग्रेस ब्लॉक घोड़ाडोंगरी की महत्वपूर्ण ब्लॉक कार्यकारिणी बैठक 18 सितंबर, शुक्रवार को दोपहर 1 बजे राठौर मैरिज लॉन, घोड़ाडोंगरी में आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने, युवाओं की संगठन में सक्रिय भागीदारी बढ़ाने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। बैठक में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय सरदार यादव जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की जाएगी तथा आगामी कार्यक्रमों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रुपेश भोरवंशी ने ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से बैठक में समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत लगाए 51 पौधे

**बैतूल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधे लगाने वनों की सुरक्षा के उद्देश्य को लेकर पचधार के कृषक जुगरू झपाटे के खेत की मेढ़ों पर आम के 51 पौधे लगाए गए। बैंकर्स अलकेश झपाटे व शिक्षक मदनलाल डढोरे ने कहा कि प्रधानमंत्री हमारे आदर्श होने के साथ प्रेरणापुंज भी हैं। उनका जन्मदिन पर लगाए गए पौधों के रोपण पश्चात उनकी सुरक्षा करना हमारा दायित्व है। ग्रामीण राजू झपाटे, राधेलाल बनखेड़े, सोनू चौरे व रामकिशोर झपाटे ने कहा कि इस प्रकार जन्मदिन मनाने से पर्यावरण की सुरक्षा के साथ भविष्य में पेड़-पौधों की कमी नहीं होगी जिससे ग्लोबल वार्मिंग से बचा जा सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि भविष्य में अन्य महापुरुषों व जनप्रतिनिधियों के साथ हर युवा अपने जन्मदिन के अवसर पर 5-5 पौधे अवश्य लगाएं। जिससे पर्यावरण संकट से जूझना ना पड़े। इस अवसर पर ग्रामीणजन व पंचायत के पदाधिकारी मौजूद थे।

### रेस्टोरेंट और डेयरी यूनिट का किया निरीक्षण

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 17 सितंबर को खाद्य एवं औषधि प्रशासन के जांच दलों द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में होटल, रेस्टारेंट एवं डेयरी यूनिट की जांच की गई। चिचोली तहसील में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र स्थित 2 डेयरी इकाई, 2 रेस्टोरेंट एवं आमला तहसील अंतर्गत दीपाली ढाबा एवं टेस्टी बाइट रेस्टोरेंट से विभिन्न खाद्य पदार्थ के 05 नमूने जांच हेतु लिये गये। चिचोली स्थित दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति एवं दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति आमला में परिसर अस्वच्छ और जरूरी दस्तावेजों का संधारण नहीं पाया गया। इसके अलावा राधा कृष्ण होटल रेस्टोरेंट एवं होटल डमरू वाला रेस्टोरेंट के किचन एवं स्टोर अस्वच्छ पाए गए। कारोबारी द्वारा दस्तावेजों का संधारण नहीं किया जाना पाया गया। नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर उक्त कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत सुधार के लिए नोटिस जारी किया गया।

## राशन दुकान चारसी के सेल्समैन पर लगाए खाद्यान्न बेचने के आरोप

**मुलताई।** प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम चारसी एवं गोंडीधनोरी की शासकीय उचित मूल्य दूकान के सेल्समेन द्वारा कुछ लोगो से मिलीभगत कर हितग्राही को खाद्यान्न वितरित ना करते हुए खाद्यान्न की कालाबाजारी कर बेचने के आरोप लगाते हुए मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर से कर कार्रवाई की मांग की है।अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद सहित ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत में बताया ग्राम चारसी एवं गोंडीधनोरी की शासकीय उचित मूल्य दूकान के सेल्स मेन काशीराम पिता गुन्डु नागवंशी जाति कतिया निवासी गोंडीधनोरी सहित नारायण पिता चिरीलाल धनपाल पिता छबीराम, सुभाष पिता दसरू,रितेश पिता सेवकराम सभी निवासी गोंडीधनोरी द्वारा शासकीय उचित मूल्य दूकान चारसी का माह जून 2026 का राशन हितग्राहियो को ना बाटते हुए मिलीभगत कर विक्रय करने के आरोप लगाए है। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया उन्हें ग्राम पंचायत चारसी में स्थित शासकीय उचित मूल्य दूकान से उन्हें राशन मिलता है। उक्त क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है अधिकतर लोग अनपढ़ है। सेल्समेन काशीराम नागवंशी हर माह उक्त अनावेदकगण के साथ मे राशन बाटने जाता है।प्रतिदिन हर व्यक्ति एक बेग कट्टी गेंहूँ या चावल की बोरी स्वयं के उपयोग के लिए रखकर अपने घर लेकर आते है तथा दो माह का राशन बाटते है एवं तीसरे माह का राशन गायब कर देते है तथा हितग्राही को कहते है कि अभी राशन नहीं आया है ऐसा कहकर सीधे साधे अनपढ़ लोगो को बेवकुफ बनाते है। अनावेदकगंण ने माह जून 2026 का राशन हितग्राहीयो को वितरण नही किया है। एवं चोरी से पूरा राशन बेच दिया है, ऐसा कई बार किया है।



## अवैध मदिरा के विरुद्ध की कार्यवाही, 9 प्रकरण दर्ज

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे और पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह चढ़ार ने बताया कि सहायक जिला आबकारी अधिकारी लीला सिंह मुकाती एवं आठनेर थाना प्रभारी श्री परिहार के नेतृत्व में आबकारी और पुलिस विभाग द्वारा वृत्त- आठनेर में आठनेर, सातनेर , चारघाटी ,देहगुड़, मांडवी , गुणवन्त नगर, मासोद और हिवरखेड़ में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही की गई।



कार्यवाही के दौरान 09 आपराधिक प्रकरण म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क च के तहत दर्ज किए गए। इस दौरान हाथ भट्टी मदिरा 48 लीटर को मौके से जब्त किया गया और 1450 किलोग्राम महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। ज़ब्त मदिरा और लहान का अनुमानित मूल्य लगभग 1 लाख 52 हजार 200 रुपए है। उक्त कार्यवाही में आठनेर उप निरीक्षक पूजा मालवीय, पंकज लोखंडे, जुथिका वर्मा, मासोद के उपनिरीक्षक दिनेश कुमार पुलिस थाना आठनेर के स्टॉफ और होमगार्ड सैनिक उपस्थित रहे।

## संकुल प्राचार्यों का सक्षम जीवन कौशल प्रशिक्षण आयोजित

**बैतूल।** सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग बैतूल के मीटिंग सभागार में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त संकुल प्राचार्यों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त वत्सला शिवहरे एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती पूनम बरकडे की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण के दौरान सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी गतिविधियों एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में संकुल प्राचार्यों को जीवन कौशल कार्यक्रम, सत्र संरचना एवं सत्र संचालन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला प्रबंधक एन. एल. हाडा द्वारा सक्षम कार्यक्रम की प्रगति एवं उपलब्धियों के साथ-साथ कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में संकुल प्राचार्यों की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया गया। संकुल स्तर पर संकुल प्राचार्य की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित करने तथा विद्यालयवार सक्षम कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करने की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई।

## शिविर में 175 लोगों को मिला नि :शुल्क परामर्श

**नवभारत, बैतूल।** 11वें आयुर्वेद दिवस 2026 के अवसर पर शासकीय आयुर्वेद औषधालय मांडवी द्वारा ताप्तीवैली पब्लिक स्कूल में सामुदायिक कल्याण एवं सतत जीवन शैली के लिए आयुर्वेद विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 175 लोगों ने सहभागिता की, जिसमें 85 पुरुष और 90 महिलाएं शामिल रहीं। शिविर में नागरिकों और विद्यार्थियों को निःशुल्क आयुर्वेद एवं सामान्य स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने प्रतिभागियों का प्रकृति परीक्षण कर दैनिक जीवनशैली से जुड़े सुझाव दिए। इस दौरान दैनिक दिनचर्या,




ऋतुचर्या, संतुलित आहार, योग और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने संबंधी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए आयुर्वेद प्रतिज्ञा दिलाई गई। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्राम पटेल पंकज पटेल तथा ताप्तीवैली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रामप्रसाद बोड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शासकीय आयुर्वेद औषधालय मांडवी के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अतुल राय एवं फार्मासिस्ट डॉ. अभिषेक कासे ने किया।

## पिता की हत्या करने वाले हत्यारे बेटे को उम्रकैद

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली कला में बीते 2साल पहले पिता द्वारा शराब पीने के लिए बेटे को रुपए नहीं देने पर पिता के साथ बेट एवं बांस के डंडे से मारपीट कर हत्या करने वाले आरोपी बेटे को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मुलताई द्वारा आजीवन कारावास की सजा एवं 10 हजार रुपए से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक राजेश साबले ने बताया कि ग्राम चिखली कला निवासी साहब लाल ने थाने में रिपोर्ट लिखाई की घटना दिनांक 19 सितंबर 2024 को चिखली कला में आरोपी रामकिशोर उर्फ गुड्डू अपने पिता हंसलाल तुमडाम से शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था। पिता हंसलाल ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर रामकिशोर ने क्रिकेट खेलने के बैट और लकड़ी से पिता पर हमला कर दिया। उसने हंसलाल को बेरहमी से पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलने पर मृतक की बेटी भी घर पहुंची तो उसके पिता के सिर से खून निकल रहा था। घटना के बाद आरोपी बेट एवं लकड़ी लेकर भाग गया था। साहब लाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी रामकिशोर उर्फ गुड्डू तुमड़ाम के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था।

## संतान सप्तमी पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

**पाथाखेड़ा।** वार्ड क्रमांक 25 शिवाजी नगर में संतान सप्तमी पर्व श्रद्धा, आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर संतान की सुख-समृद्धि, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुबह से ही क्षेत्र के धार्मिक स्थलों एवं घरों में पूजा की तैयारियां शुरू हो गई थीं। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ व्रत रखकर भगवान की आराधना की। संतान सप्तमी के अवसर पर भगवान शिव-शंकर और माता पार्वती के साथ भगवान श्रीगणेश एवं भगवान कार्तिकेय की भी



श्रद्धापूर्वक पूजा की गई। पूजा के दौरान महिलाओं ने भगवान को नैवेद्य अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किए तथा परिवार की सुख-शांति और संतान के कल्याण की प्रार्थना की। धार्मिक वातावरण में महिलाओं ने सामूहिक रूप से मंगल गीत एवं भजन गाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि संतान सप्तमी केवल धार्मिक अनुष्ठान का पर्व नहीं, बल्कि परिवार की खुशहाली, संतान के प्रति मातृ-स्नेह और भारतीय संस्कारों की जीवंत अभिव्यक्ति है।

## स्व . डीएन वर्मा की स्मृति में मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

**नवभारत, बैतूल।** न्यू बैतूल स्कूल में कई वर्षो से चली आ रही परपंरा के तहत स्व.डीएन वर्मा की स्मृति में मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक सर्वेच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5 हजार रूपए की राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वर्मा परिवार की ओर से अभय वर्मा एवं हेमंत वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य, शाला स्टाफ सहित



विद्यार्थी मौजूद थे। इस मौके पर वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ समय प्रबंधन अनुशासन और निर्धारित लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही बताया सफलता सिफ अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन में अनुशासन और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता भी उतनी ही आवश्यक है। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं में निखिल उइके न 496 अंक, कक्षा 10वीं में हिमांशु सोनी ने 418 अंक, कक्षा 11वीं जीव विज्ञान समूह में शिवानी उइके ने 415 अंक, प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों को 5-5 हजार रुपए की राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों संदीप कौशिक, मनीष सरसोदे, अजय शुक्ला, श्रीमती सरिता मिश्रा, श्रीमती वीणा पांडे को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप कौशिक ने किया। उन्होने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने, अनुशासन बनाए रखने और अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसके लिए निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया।

**रक्तदान** | **रक्तदान के लिए युवाओं में लगी होड़**

## सेवा संकल्प अभियान के पहले दिन भाजयुमो का रक्तदान शिविर संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 17 सितंबर. भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर केन्द्रीय नेतृत्व के आव्हान पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के पहले दिन नरेन्द्र मोदी के 76 वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर जिला भाजयुमो द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में नई पीढी के लडको में रक्तदान को लेकर जबरदस्त उत्साह नजर आया।**

रक्तदान के लिए युवाओं में मानो होड सी लग गई। जिसके चलते खबर लिखते तक लगभग 305 युनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री व क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उइके ने



कहा कि कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनियों द्वारा सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत विभिन्न सेवा कार्य व सामाजिक गतिविधियों का आयोजन होना है। रक्तदान जीवन दान की तरह महादान है। युवाओं में रक्तदान कर जिस तरह जरूरतमंदों की जिदंगी बचाने का कार्य किया है। उसी तरह हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी लोगो का भविष्य सवार रहे है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत ही नही अपितू पूरे विश्व में अपने विचारो और व्यक्तित्व से देश का मान बढाया है। आज युवाओं का रक्तदान के प्रति उत्साह बताता है कि जब राष्ट्र सेवा समर्पण भाव से की जाती है तो वह सार्थक होती है। इस अवसर पर आमला विधायक व प्रदेश प्रवक्ता डा.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि आज से सेवा संकल्प अभियान की शुरूवात हुई है युवाओं में जिस तरह सक्रिय सहभागिता और जनहित के कार्यो के प्रति अपना संकल्प जताया है वे साधुवाद के पात्र है। रक्तदान जीवनदान का नारा इन युवाओं के रक्तदान से सार्थक और सशक्त हुआ है।

इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष विक्रम वैद्य ने कहा कि बूथ से लेकर जिला स्तर तक युवा कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और गरीमा के साथ रक्तदान में बढ चढकर कर हिस्सा लेकर अपनी आहूती अर्पित की है। युवाओं के प्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन पर विकसित भारत का संकल्प भी आज हम ले रहे है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, कमलेश सिंह , जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुण्डे, रश्मि साहू, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष टेकाम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता देशमुख, डा.अरूण जयसिंगपुरे, सविता रघुवंशी, सतीश जौधलेकर सहित बडी संख्या में युवा मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर होंगे आयोजित

**बैतूल।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 सितम्बर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित सेवा से संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि सिविल अस्पताल आमला में 18 सितम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आठनेर में 19 सितम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही में 21 सितम्बर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरगांव में 22 सितम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोली में 23 सितम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोड़ाडोंगरी में 24 सितम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई में 26 सितम्बर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मासोद में 28 सितम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमपुर में 29 सितम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खेड़ीसावंलीगढ में 30 सितम्बर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरदेही में 1 अक्टूबर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हिडली में 3 अक्टूबर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैतूल बाजार में 5 अक्टूबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर में 6 अक्टूबर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झल्लार में 7 अक्टूबर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खामला में 8 अक्टूबर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिल्लौर में 9 अक्टूबर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरापाटला में 10 अक्टूबर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हीरापुर में 12 अक्टूबर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाथाखेड़ा में 13 अक्टूबर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरखेड में 14 अक्टूबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभात पट्टन में 15 अक्टूबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा में 16 अक्टूबर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भौंरा में 17 अक्टूबर 2026 को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जाएंगे। साथ ही सेवा से संकल्प अभियान अंतर्गत नवापुर में 18 सितम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आठनेर में 19 सितम्बर, सिविल अस्पताल आमला में 21 सितम्बर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैतूल बाजार में 22 सितम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोड़ाडोंगरी में 23 सितम्बर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भौंरा में 24 सितम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोली में 25 सितम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा में 26 सितम्बर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मासोद में 28 सितम्बर, स्वास्थ्य केन्द्र भीमपुर में 29 को आयोजित किये जाएंगे।